भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †3972
सोमवार, 18 अगस्त, 2025/27 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अमृतसर में आईटीडीसी कार्यालय की स्थापना

†3972. **श्री गुरजीत सिंह औजला:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वैश्विक संपर्क और बहुभाषी सहायता सहित भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) का एक अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन कार्यालय स्थापित करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके साथ-साथ पुलिस द्वारा रिपोर्ट की गई घटनाओं सहित पर्यटकों की सहायता, सुरक्षा, शिकायतों का समाधान, खोया-पाया सेवाओं, आपातकालीन सेवाओं जैसी सुविधाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार द्वारा भारत के सांस्कृतिक और सीमावर्ती पर्यटन के इस महत्वपूर्ण केन्द्र को समर्थन/बढ़ावा देने के लिए अमृतसर में उक्त आईटीडीसी कार्यालय को पूर्ण पैमाने पर और आधुनिक रूप में स्थापित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): जी नहीं, महोदय। भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) द्वारा वर्तमान में ऐसे किसी प्रस्ताव की परिकल्पना नहीं की गई है।

*****